संख्या-17/2017/3422/60-1-2017

प्रेषक,

संतोष कुमार यादव,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त,
उ0प्र0।

2- समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-1 **लखनऊ:दिनांक 17 नवम्बर, 2017**

विषय-: महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित समस्त राजकीय एवं वित्तीय सहायता प्राप्त स्वैच्छिक संगठनों द्वारा संचालित संस्थाओं/गृहों में सामूहिक रूप से प्रात:कालीन एवं सायंकालीन वन्दना/प्रार्थना कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक् निर्गत शासनादेश संख्या-3360/60-1-2017, दिनांक 10.11.2017 में आंशिक संशोधन करते हुये महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न राजकीय एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा संचालित संस्थाओं/गृहों में ग्रीष्मकालीन में प्रात: 07:00 बजे एवं शीतकालीन में प्रात: 07:30 बजे सामूहिक रूप से एक साथ एकत्र होकर नीचे लिखी वनदना/प्रार्थना का गायन कराया जायेगा :-

"इतनी शक्ति हमें देना दाता"

"इतनी शक्ति हमें देना दाता, मनका विश्वास कमजोर हो ना,
हम चलें नेक रस्ते पे हमसे भूलकर भी कोई भूल होना....
दूर अज्ञान के हों अन्धेरे, तू हमें ज्ञान की रौशनी दे,
हर बुराई से बचके रहें हम जितनी भी दे, भली जिन्दगी दे,
बैर हो न किसी का किसी से, भावना मन में बदले की हो ना....
हम चलें नेक रस्ते पे हमसे भूलकर भी कोई भूल होना....

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

हम न सोचें हमें क्या मिला है, हम ये सोचें किया क्या है अर्पण
फूल खुशियों के बाटें सभी को सबका जीवन ही बन जाये मधुबन
अपनी करूणा को जब तू बहा दे, कर दे पावन हर इक मन का कोना....
इतनी शक्ति हमें देना दाता, मनका विश्वास कमजोर हो ना
हम चलें नेक रस्ते पे हमसे भूलकर भी कोई भूल होना....।।"

इसी प्रकार प्रतिदिन ग्रीष्मकालीन में सांय 06:30 बजे एवं शीतकाल में सांय 06:00 बजे सामूहिक रूप से एकत्र होकर नीचे लिखी वन्दना/प्रार्थना का गायन कराया जायेगा :-

"ऐ मालिक तेरे बन्दे हम"

"ऐ मालिक तेरे बन्दे हम
ऐसे हों हमारे करम
नेकी पर चलें और बदी से टलें
ताकि हंसते हुए निकले दम
ये अंधेरा घना छा रहा
तेरा इंसान घबरा रहा
हो रहा बेखबर, कुछ न आता नजर
सुख का सूरज छुपा जा रहा
है तेरी रोशनी में जो दम
तो अमावस को कर दे पूनम
नेकी पर .....
जब जुल्मों का हो सामना
तब तू ही हमें थामना
वो बुराई करें, हम भलाई करें
नहीं बदले की हों कामना
बढ़ उठे प्यार का हर कदम
और मिटे बैर का ये भरम
नेकी पर .....
बड़ा कमजोर है आदमी

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

अभी लाखों हैं इसमें कमी
पर तू जो खड़ा है, है दयालू बड़ा
तेरी किरपा से धरती थमी
दिया तूने हमें जब जनम
तू ही झेलेगा हम सबके गम
नेकी पर ..... ।।"

उपर्युक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

भवदीय,

(संतोष कुमार यादव)
सचिव

संख्या-3422(1)/60-1-17, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्ये कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक, महिला कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
2- समस्त उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी/जिला परिवीक्षा अधिकारी, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ कि उक्त आदेशों का अनुपालन अनिवार्य रूप से समस्त राजकीय एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा संचालित संस्थाओं/गृहों में सुनिश्चित करायें, जिसका समय-समय पर निरीक्षण करते हुये निरीक्षण आख्या निदेशक, महिला कल्याण, उ0प्र0 को प्रेषित की जाये।
3- समस्त संस्थाधीक्षकों को अनुपालनार्थ।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राम केवल)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।